

# अग्रवाल सभा

( सोसाइटिज़ एक्ट पंजीकरण सं० 192/2008-2009 )
अग्रसेन भवन, अग्रसेन मार्ग, अपर बाजार, राँची-834 001
दूरभाष : 0651-2209655, 2213116, 2226094



## अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन-2015

दिनांक : 27.08.2015

प्रिय बन्धु,

अग्रवाल सभा, राँची द्वारा गत कई वर्षों से वैवाहिक परिचय सम्मेलन तथा सामूहिक विवाह के सफल आयोजन किये जाते रहे हैं। आप सभी बन्धुओं के सहयोग से इन आयोजनों के उत्साहजनक परिणाम सामने आये हैं। सभा द्वारा इस वर्ष **तेईसवाँ परिचय सम्मेलन** एवं **बाईसवाँ सामूहिक विवाह** का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम निम्नलिखित है :-

| | | |
|---|---|---|
| **परिचय सम्मेलन** | : | रविवार, 20 सितम्बर, 2015 |
| **स्थान** | : | अग्रसेन भवन, अग्रसेन मार्ग, अपर बाजार, राँची |
| **सामूहिक विवाह** | : | रविवार, 22 नवम्बर, 2015 (तुलसी विवाह के दिन) |

1. आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से सभी विवाह योग्य सन्तानों के अभिभावकों तक उपरोक्त आयोजनों की सूचना पहुँचाने का कष्ट करें, ताकि कोई भी इच्छुक अभिभावक जानकारी के अभाव में भाग लेने से वंचित न रह जाये।
2. आप से विशेष आग्रह है कि आप संलग्न प्रचार सामग्री का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि ज्यादा से ज्यादा अग्रवाल बन्धुओं तक इस आयोजन की सूचना पहुंच सके और वे इसका लाभ उठा सके।
3. दिनांक 19.09.2015, शनिवार को संध्या पहुँचने पर रात्रि का भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था अग्रसेन भवन में उपलब्ध है।
4. अग्रवाल सभा, राँची द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन 1993 से अनवरत होता आ रहा है।
5. इस परिचय सम्मेलन में शिक्षित, सम्पन्न एवं सुसंस्कृत पात्र भाग ले रहे हैं, अतः उत्तम चयन का पर्याप्त अवसर मिलेगा। विशेषकर कन्याओं को सर्वोत्तम चुनाव का व्यापक मंच मिलेगा।
6. सभी युवतियों के अभिभावकों से निवेदन है कि आपे अपनी युवतियों को निःसंकोच इस सम्मेलन में अवश्य लावें।
7. यह विचार किया जा रहा है कि इस वर्ष पात्रों को मंच पर नहीं बुला करके आपसी रजामंदी से आपस में रिश्ता तय कराने में हमारे सभी कार्यकर्त्ता पुरजोर सहयोग करेंगें। अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपनी युवती को सभागार में अवश्य लावें।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस सामाजिक यज्ञ में सहयोग देकर यश के भागी बनें।

भवदीय :

**अशोक नारसरिया**
*अध्यक्ष*
94311-04301

**भागचन्द पोद्दार**
*मुख्य संयोजक*
2201793 (O), 2200402 (R)
98355-02630 (M)

**मनोज बजाज**
*मंत्री*
94311-01240

E-mail : info@agrawalsabharanchi.in, Web : www..agrawalsabharanchi.in, AGRAWAL SABHA, RANCHI